
## न्यूज डायरी





### मरे हुए बिच्छू का नशा कर रहे पाकिस्तानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में नशा एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। यह नशा किसी तरह की दवा या कृत्रिम पदार्थ का नहीं बल्कि जहरीले बिच्छू का है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के कुछ हिस्सों में बिच्छू के धूम्रपान का खतरा बढ़ रहा है। हालांकि कोई सटीक आंकड़े नहीं हैं जो उपयोगकर्ताओं के प्रतिशत को प्रकट करते हैं। लेकिन बिच्छू के धूम्रपान की लत के प्रसार का पता लगाने के लिए शोध किया जा रहा है। पाकिस्तानी अखबार डॉन की खबर के मुताबिक प्रांत के नारकोटिक्स कंट्रोल डिपार्टमेंट के पूर्व कर्मचारी अजीमुल्लाह ने कई सालों तक प्रांत की यात्रा की है। उन्हें प्रांत के करीब सात जिलों में नशेड़ी मिले। रिपोर्ट में उन्होंने नशा करने वालों की संख्या का खुलासा तो नहीं किया है लेकिन उनका दावा है कि अब बिच्छू धूम्रपान प्रांत में कोई दुर्लभ ड्रग नहीं है। अजीम ने पाकिस्तान में बिच्छू धूम्रपान के लिए कानूनों की कमी पर टिप्पणी की।

### बांग्लादेश में खचाखच भरी नाव में लगी आग, अबतक 40 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। दक्षिणी बांग्लादेश में शुक्रवार को लोगों को ले जा रही एक नौका में आग लगने से कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 200 लोग झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह आग, बारगुना जा रही नौका एमवी अभिजन-10 के इंजन कक्ष में स्थानीय समयानुसार शुक्रवार को तड़के तीन बजे लगी। यह नौका ढाका से रवाना हुई थी। द ढाका ट्रिब्यून ने अपनी एक खबर में कहा कि अधिकारियों ने झलकथी में सुगंधा नदी पर जा रही नौका से जले हुए कम से कम 40 शव बरामद किए हैं। यह स्थान राजधानी ढाका से 250 किलोमीटर दक्षिण में है। खबर में नौका प्रशासन, पुलिस और दमकल कर्मियों के हवाले से बताया गया कि घटना में कम से कम 200 लोग झुलस गए हैं और स्थानीय अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है।

### बीजिंग ओलंपिक में शामिल नहीं होंगे जापानी अधिकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। जापान की सरकार ने साल 2022 में होने वाले बीजिंग ओलंपिक में कैबिनेट मंत्रियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं भेजने का मन बनाया है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और कनाडा ने जापान के इस फैसले का समर्थन करते हुए स्वागत किया है। इन सभी देशों ने चीन के मानवाधिकार रिकार्ड पर बीजिंग के राजनयिक बहिष्कार की घोषणा की है। हालांकि, जापानी एथलीट फरवरी में आयोजित होने वाले खेलों में भाग लेंगे। सूत्रों के मुताबिक, जापान के प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा, चीन की सरकार को सीधे तौर पर चुनौती नहीं देना चाहते। जिसके चलते उन्होंने खुले तौर पर किसी भी तरह की योजना के बारे में कोई घोषणा नहीं की हैं। आपको बतादें, जापान और चीन राजनयिक संबंधों के सामान्यीकरण होने के बाद साल 2022 में 50 वीं वर्षगांठ मनाएंगे।

### एलन मस्क ने घर को लेकर बोला था झूठ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। टेस्ला और स्पेसएक्स के बॉस एलन मस्क चोरी छिपे टेक्सास के ऑस्टिन में 12 मिलियन डॉलर के एक आलीशान महल में रह रहे हैं। उन्होंने दावा किया था कि सारी संपत्तियां बेचने के बाद वह स्पेसएक्स लॉन्चिंग साइट पर 50 हजार डॉलर के एक कंटेनर में रहते हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, एलन मस्क पिछले एक साल से अपनी गर्लफ्रेंड केन हावेरी के साथ इस खूबसूरत वाटरफ्रंट एस्टेट में अपना समय गुजार रहे हैं। हालांकि, हावेरी ने वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट को खारिज करते हुए दावा किया है कि एलन मस्क उनके साथ ऑस्टिन वाले महल में नहीं, बल्कि साउथ टेक्सास में रहते हैं। ऑस्टिन यात्रा के दौरान वे कभी-कभी बतौर मेहमान मेरे घर पर रुकते थे। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ मस्क ने पिछले साल ऐलान किया था कि उन्होंने कैलिफोर्निया की अपनी नौ हवेलियों को 144 मिलियन डॉलर में बेच दिया है और अब बेघर हैं।

# पुतिन ने चीन को एशिया का निर्विवाद नेता बताया

**मुहर**

## साथ मिलकर बना रहे हाई-टेक हथियार, टेंशन में भारत?



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने सालाना प्रेस कांफ्रेंस में चीन के साथ दोस्ती की खुलकर तारीफ की है। उन्होंने चीन को एशिया का निर्विवाद नेता तक करार दिया है। पुतिन ने खुलासा किया कि रूस और चीन साथ मिलकर कई हाई-टेक हथियारों को बना रहे हैं। पुतिन के इस बयान को भारत के लिए बड़ी टेंशन बताया जा रहा है। अमेरिका के खिलाफ चीन और रूस के करीब आने से एशिया में शक्ति संतुलन के भी बिगड़ने का खतरा है।

**हाई-टेक हथियार बना रहे दोनों देश:** पुतिन ने कहा कि रूस और चीन अंतरिक्ष और एविएशन सेक्टर में भी सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि चीनी सेना बड़े पैमाने पर कई अडवांस हथियारों से लैस है। हम साथ मिलकर हाई-टेक हथियारों को विकसित कर रहे हैं। इसमें विमान और हेलिकॉप्टर भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच भी नजदीकी सहयोग है। दोनों देश कई संयुक्त सैन्य अभ्यास और इंटरनेशनल वॉर गेम्स में भागीदारी के साथ-साथ समुद्र और हवा में संयुक्त गश्त भी लगा रहे हैं।

**पुतिन ने चीन को एशिया का निर्विवाद नेता बताया:** रूस के राष्ट्रपति ने चीन के प्रीमियर शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ भी की। उन्होंने जिनपिंग के साथ बहुत भरोसेमंद व्यक्तिगत संबंध होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि चीन हमारे साथ व्यापार में काफी मदद करता है। रूसी राष्ट्रपति ने मॉस्को और बीजिंग के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने की ओर इशारा करते हुए कहा कि एशिया तेजी से विकसित हो रहा है और इस प्रक्रिया में चीन निर्विवाद नेता है।

**पुतिन बोले- चीन की साझेदारी का कोई उदाहरण नहीं:** पुतिन ने कहा कि मॉस्को और बीजिंग पहले ही 100 बिलियन डॉलर से अधिक का कारोबार कर चुके हैं। दोनों पक्ष अलग-अलग क्षेत्रों में अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए और काम कर रहे हैं। इसमें परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और मानवाधिकार से जुड़े क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने चीन और रूस के रणनीतिक साझेदारी की तारीफ करते हुए कहा कि इतिहास में ऐसा कोई उदाहरण नहीं है।

**समुद्र में संयुक्त नौसैनिक और हवाई गश्त कर रहे दोनों देश:** प्रशांत महासागर में अमेरिका और पश्चिमी देशों की बढ़ती मौजूदगी को देखते हुए रूस और चीन एक साथ गश्त कर रहे हैं। एक समय यह दोनों देश आपसी सीमा विवाद के कारण एक दूसरे के खून के प्यासे रहते थे। लेकिन, बाद के वर्षों में चीन और रूस ने बड़ी सूझबूझ के साथ अपने विवादों को सुलझाया और अब अमेरिका जैसी वैश्विक महाशक्ति को मात देने के लिए एकजुट हुए हैं।

**भारत के लिए कितना टेंशन:** चीन और रूस के करीब आने से भारत की टेंशन बढ़ना लाजमी है। भारत का रूस के साथ नजदीकी रक्षा और व्यापारिक संबंध हैं। वहीं, चीन के साथ भारत का सीमा विवाद भी जग जाहिर है।

## अमेरिका के मोस्ट वांटेड को यूएन ने की पैसे की पेशकश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र ने तालिबान के आंतरिक मंत्रालय को अफगानिस्तान की सुरक्षा के लिए 60 लाख डॉलर की मदद देने की पेशकश की है। अफगान सरकार के इस मंत्रालय की जिम्मेदारी खूंखार आतंकवादी और हक्कानी नेटवर्क के सरगना सिराजुद्दीन हक्कानी के पास है। सिराजुद्दीन अमेरिका और यूएन के प्रतिबंधित आतंकियों की लिस्ट में शामिल है। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई इस मोस्ट वॉन्टेड आतंकी को कई साल से ढूंढ रही है। यूएन से मिलने वाले इस

**यूएन के पैसों से क्या करेगा तालिबान?**

पैसे का इस्तेमाल अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालयों की सुरक्षा करने वाले तालिबान लड़ाकों को वेतन देने में किया जाएगा। इसके अलावा इन पैसों से तालिबान लड़ाकों को खाने-पीने की चीजे भी मुहैया करवाई जाएंगी। अगस्त में तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। लोगों को खाने के लिए अपने घरों की चीजों को सड़कों पर बेचना पड़ रहा है।



## ओमिक्रोन को लेकर दुनियाभर में दहशत का माहौल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ओमिक्रोन को लेकर विश्वभर में दहशत का माहौल है। ओमिक्रोन के कारण कई देशों में लोगों की मौतों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वही, इसकी स्थिति को देखते हुए कुछ देशों में प्रतिबंध कड़े कर दिए हैं। अमेरिका में तो कोराना संक्रमितों में 73 फीसद मरीजों की संख्या ओमिक्रोन पीड़ितों की है। वही, ब्रिटेन में ओमिक्रोन वैरिएंट से 18 लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका में ओमिक्रोन के बढ़ते मामलों को देखते हुए रोग नियंत्रण और रोकथाम के केंद्र ने अहम फैसला किया है। फैसले के मुताबिक, कोरोना पॉजिटिव हेल्थ वर्कर एक हफ्ते आइसोलेशन में रहने के बाद काम पर आ सकते हैं। हालांकि, उनकी रिपोर्ट निगेटिव होनी चाहिए।

## पुतिन 2036 तक बने रहेंगे रूस के राष्ट्रपति, संविधान में हुआ संशोधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उस कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जो उन्हें 2036 तक राष्ट्रपति पद की दौड़ में बने रहने की योग्यता प्रदान करता है। इस कदम के जरिए पिछले साल संवैधानिक बदलाव के लिए हुए मतदान में प्राप्त समर्थन को औपचारिक रूप दिया गया था। पिछले साल एक जुलाई को हुए संवैधानिक मतदान में एक ऐसा प्रावधान भी शामिल था, जो पुतिन को दो और बार राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल होने की अनुमति प्रदान करता है।

राष्ट्रपति पुतिन द्वारा हस्ताक्षर किए गए संबंधित कानून की

**2024 के बाद रूस के राष्ट्रपति का कार्यकाल 6-6 साल का होगा**

जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर साझा की गई थी। दो दशकों से भी अधिक समय तक सत्ता पर काबिज रहने वाले 68 वर्षीय पुतिन ने कहा था कि वह 2024 में अपना वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने के बाद इस बारे में विचार करेंगे कि उन्हें राष्ट्रपति पद के लिए दोबारा मैदान में उतरना है या नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, साल 2024 के बाद रूस के राष्ट्रपति का कार्यकाल 6-6 साल का होगा। अगर पुतिन दोनों बार जीत हासिल करते हैं तो वह अगले 15 साल तक राष्ट्रपति के पद पर रहेंगे।

ऐसा कर पुतिन सबसे अधिक समय तक शासन करने वाले नेता बन जाएंगे। वह रूस पर शासन करने वाले जोसेफ स्टालिन और पीटर का रिकार्ड तोड़ देंगे। हाल ही में रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नावलनी की रिहाई को लेकर काफी विरोध प्रदर्शन हुए थे। नावलनी ने पुतिन पर गंभीर आरोप लगाए थे। वह उनके आलोचक भी माने जाते हैं। पुतिन पर लोगों ने विपक्षी नेताओं को परेशान करने का आरोप लगाया था। एक अन्य मामले में दर्जनों लोगों को एक कार्यक्रम से गिरफ्तार किया गया था, इनमें भी ज्यादातर विपक्षी पार्टियों के नेता शामिल थे।

## चीन बैलिस्टिक मिसाइलें बनाने में सऊदी अरब का मददगार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने दावा किया है कि चीन अब सऊदी अरब को बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में मदद कर रहा है। अमेरिकी एजेंसियों के हवाले से कहा गया है कि सऊदी अरब चीन की मदद से मिसाइल बनाने में सक्रिय है। वह चीन से पहले मिसाइल खरीदता रहा है, लेकिन इससे पहले उसने खुद से मिसाइल नहीं बनाई थी। अमेरिका की न्यूज वेबसाइट सीएनएन ने सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों के आधार पर कहा है कि सऊदी अरब में कम से कम एक जगह पर मिसाइलों का निर्माण चल रहा है। सऊदी अरब द्वारा मिसाइल निर्माण करने से खाड़ी के देशों के बीच ताकत का संतुलन बिगड़ने की संभावना जताई जा रही है। सऊदी अरब और ईरान के बीच दुश्मनी है। अमेरिका, यूरोप, इजरायल और खाड़ी के देश ईरान पर अपना मिसाइल कार्यक्रम आगे नहीं बढ़ाने का दवाब डालते रहे हैं। ईरान के साथ इन देशों की न्यूक्लियर डील पर बातचीत भी हो रही है।